तापमान
अधिकतम 40 .0°c
न्यूनतम 28.8°c

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों में पीजीआई रोहतक...



12 रेलवे रोडः हर 5 मिनट में लगता है जाम 60 फुट...



बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, अस्थल बोहर, रोहतक
बेटियों के लिए फ्री शिक्षा*
फ्री लैपटॉप* (B.Tech., BCA)
BBA | B.Sc. | M.Sc. | M.A. | M.COM. | BAJMC | B.Tech | BCA | B.A. | B.COM. | MBA | MCA
Contact : 9053066601 | Web : www.bmu.ac.in
BMU 68 BABA MASTNATH UNIVERSITY
ADMISSION OPEN
Scan For Admission

## शहर में आज

- लखीराम अनाथालय में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का जन्मदिवस कार्यक्रम सुबह 7 बजे
- बंसीलाल स्टेडियम में क्रिकेट मैच सुबह 9 बजे
- नवयुग स्कूल में जिला योगा प्रतियोगिता सुबह 9 बजे
- एमडीयू में एंट्रेस एग्जाम सुबह 10 बजे
- नगर निगम में कमिश्नर अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

## खबर संक्षेप

### किराये के मकान का ताला तोड़ जेवर और नकदी चोरी

**रोहतक।** शहर के तिलक नगर क्षेत्र में किराये के मकान का ताला तोड़कर चोर सोने के जेवर और नकदी ले गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। तिलक नगर निवासी मनदीप पुत्र राम मेहर ने शिकायत दी कि उनकी सास सुनील देवी पिछले तीन माह से गली नंबर-15 के एक किराये के मकान में रह रही हैं। उनका बेटा व बहू आठ दिनों से घर से बाहर गए हुए थे। इसलिए सुनील देवी अकेलेपन की वजह से मनदीप के घर आ जाती थीं और रात को भी वहीं रुकती थीं। 13 जुलाई की सुबह 9 बजे जब वे अपने किराये के मकान पर पहुंचीं तो गेट का ताला टूटा था और अलमारी से दो सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, तीन अंगूठियां और नकदी गायब मिली।

# 42 कूड़ा प्वाइंट होंगे बंद

## निगम आयुक्त के आदेश, सात दिन में करें कार्रवाई

- शहर की सूरत बदलने के उद्देश्य से उठाया बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सूरत बदलने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा और दिलचस्प कदम उठाया है। जिन 42 स्थानों पर वर्षों से कूड़े के ढेर शहर की पहचान बन गए थे, अब वहां गंदगी नहीं बल्कि हरियाली, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ माहौल नजर आएगा। निगम ने इन सभी कूड़ा प्वाइंट को पूरी तरह बंद करने का फैसला लेते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

खास बात यह है कि इन स्थानों पर पहले कूड़ा फेंकने वालों की पहचान के लिए कैमरे और शीशे भी लगाए गए थे, लेकिन अब तक कोई भी व्यक्ति पकड़ा नहीं जा सका। ऐसे में निगम ने निगरानी के साथ-साथ इन जगहों के स्वरूप को पूरी तरह बदलने की योजना बनाई है। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए शहर के 42 कूड़ा प्वाइंट को स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया है ताकि तय अवधि के भीतर इन स्थानों को कूड़ा मुक्त बनाया जा सके। निगम का मानना है कि केवल सफाई कराने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि इन स्थानों का उपयोग बदलना भी जरूरी है ताकि लोग दोबारा वहां कूड़ा डालने से बचें।



केंद्रीय विद्यालय के पास

### इन कॉलोनियों में सड़कों पर डाला जा रहा कूड़ा

- मॉडल टाउन
- दिल्ली बाइपास
- डबल पार्क
- प्रेम नगर
- राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास
- विजय नगर
- डीएलएफ
- शिवाजी कॉलोनी
- जनता कॉलोनी
- दुर्गा कॉलोनी
- आर्य नगर
- चमनपुरा
- देव कॉलोनी
- सुभाष नगर
- ओल्ड आईटीआई
- बसंत विहार
- इंदिरा कॉलोनी
- कृष्णा कॉलोनी
- राजेंद्र नगर
- सेक्टर-1
- सेक्टर-2
- सेक्टर-3
- सेक्टर-4
- सेक्टर 2,3 मार्केट
- सनसिटी एरिया
- ओमैक्स सिटी
- लाढ़ौत रोड
- मानसरोवर कॉलोनी
- फ्रेंड्स कॉलोनी
- शीतल नगर
- गोहाना अड्डा
- कमला नगर
- शास्त्री नगर
- आंबेडकर कॉलोनी
- राजीव नगर
- प्रीत विहार
- मस्तनाथ नगर
- झज्जर चुंगी
- कोर्ट के सामने
- दिल्ली बाइपास
- सागर विला के पास
- पाड़ा मोहल्ला
- बोहर रोड क्षेत्र

### जहां पर्याप्त जगह, वहां पौधे लगाए जाएंगे

निगम की योजना के तहत जिन स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध है, वहां पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। खाली स्थानों को हरियाली से विकसित कर उन्हें आकर्षक बनाया जाएगा। वहीं कुछ स्थानों पर लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी ताकि वे छोटे सार्वजनिक विश्राम स्थल का रूप ले सकें। अधिकारियों का कहना है कि जब किसी स्थान का सकारात्मक उपयोग शुरू हो जाता है तो वहां गंदगी फैलने की संभावना स्वतः कम हो जाती है।

### अभी तक नहीं पकड़े गए हैं कूड़ा डालने वाले

गौरतलब है कि इन कूड़ा प्वाइंट पर पहले भी निगरानी बढ़ाने के लिए कैमरे लगाए गए थे। कई जगहों पर शीशे भी लगाए गए थे ताकि वहां आने वाले लोगों में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं को देखकर सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने से बचें। इसके बावजूद अब तक किसी भी व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। इससे यह स्पष्ट हुआ कि केवल निगरानी के उपाय पर्याप्त साबित नहीं हुए।

### नियमित निरीक्षण हो

अब निगम ने रणनीति में बदलाव करते हुए इन स्थानों की पूरी तस्वीर बदलने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बंद किए जाने वाले सभी कूड़ा प्वाइंट का नियमित निरीक्षण भी किया जाए। यदि कहीं दोबारा कूड़ा फेंका जाता है तो संबंधित क्षेत्र के कर्मचारियों को तत्काल सफाई कराने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम का मानना है कि यदि लोग निर्धारित स्थानों पर ही कूड़ा डालेंगे और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में भागीदारी निभाएंगे, तभी इस अभियान का उद्देश्य पूरी तरह सफल हो सकेगा। निगम को उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर इन 42 कूड़ा प्वाइंट का स्वरूप बदलने के बाद शहर को गंदगी से राहत मिलेगी और स्वच्छता अभियान को नई गति मिलेगी।

### वार्ड-1, 2 एवं 5 में चलाया विशेष सफाई अभियान

नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि के नेतृत्व में शहर को पूर्णतः स्वच्छ, सुंदर एवं कूड़ा बिंदु मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'स्वच्छता से स्वागत' विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में वार्ड 1, 2 एवं 5 में 'स्वच्छता से स्वागत' विशेष सफाई अभियान जनभागीदारी एवं वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर चलाया गया। जिस दौरान वर्षों से कूड़ा डाले जाने वाले चिन्हित स्थानों की गहन सफाई कर वहां से कूड़े का उठान कराया गया तथा सफाई कार्य के लिए जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली, टिपर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया गया।

### लोगों को जागरूक भी किया

निगम की टीम ने छोटूराम चौक स्थित मेडिसिन मार्किट में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इसके उपयोग से बचने की अपील की गई क्योंकि प्लास्टिक का अनियंत्रित उपयोग पर्यावरण एवं स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है।

## कैसे करें स्वच्छता से स्वागत

# दिल्ली बाइपास से झज्जर रोड तक ये है शहर का हाल



हुड्डा कॉम्प्लेक्स



शांतमयी चौक

**रोहतक।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम की ओर से विभिन्न स्तरों पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन दिल्ली बाईपास से झज्जर रोड तक का नजारा इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है। इस मार्ग पर सड़क किनारे बड़े-बड़े कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनसे उठ रही दुर्गंध और गंदगी राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। बारिश के मौसम में हालात और भी गंभीर हो गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर प्रतिदिन शहर का हजारों टन कचरा एकत्र किया जा रहा है। लगातार कूड़ा डाले जाने से यहां कचरे का पहाड़ जैसा रूप बन गया है। बरसात के कारण कचरे से निकलने वाला गंदा पानी आसपास फैल रहा है और पूरे क्षेत्र में बदबू का माहौल बना हुआ है। हवा चलने पर दुर्गंध दूर-दूर तक फैल जाती है, इस मार्ग से गुजरन में राहगीरों को काफी दिक्कत होती है।



पुरानी सब्जी मंडी

### यहां-यहां बनी है कूड़े की समस्या

शहर के दिल्ली बाइपास से झज्जर रोड पर कूडे के ढेर बनते जा रहे है। वहीं से स्कूल के बच्चों का आना जाना लगा रहता है। वहीं शहर के रेलवे रोड, किला रोड, दुर्गा भवन मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी के पास, पुरानी आईटीआई, हाउसिंग बोर्ड, जनता कॉलोनी, कबीर कॉलोनी, झंग कॉलोनी, लाढ़ोत रोड समेत शहर के अन्य इलाकों में यह समस्या बनी हुई है।



दुर्गा भवन मंदिर

### यह कैसा जागरूकता अभियान

निगम की ओर से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इस स्थान पर फैली गंदगी उन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का कहना है कि यदि कचरे का नियमित रूप से वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाए और यहां लंबे समय तक कचरा जमा न होने दिया जाए, तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। राहगीरों का कहना है कि दिल्ली बाइपास और झज्जर रोड शहर का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। शहर में प्रवेश करने वाले लोगों पर भी यह दृश्य अच्छा प्रभाव नहीं छोड़ता। कूड़े के ढेरों के कारण क्षेत्र की छवि प्रभावित हो रही है और स्वच्छता अभियान के दावे भी कमजोर पड़ते दिखाई देते हैं।



किला रोड



गौकर्ण के पास

# जसिया के पास कार की टक्कर लगने से बाइक पर पानीपत जा रहे युवक की मौत

- हादसे के बाद कार चालक फरार, अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक-पानीपत मार्ग पर गांव जसिया के पास मंगलवार को हुए हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मरने वाले की पहचान श्रीबालाजी कॉलोनी निवासी राहुल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार राहुल बाइक पर पानीपत जा रहा था। जसिया के पास पीछे से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पहचान में जुटी पुलिस

परिजनों को हादसे की सूचना देकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार वाहन व उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से 35 हजार रुपये निकाले, अज्ञात पर केस

**रोहतक।** शहर में एक महिला से एटीएम बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांद नगर निवासी विमला देवी पत्नी महावीर सिंह ने शिकायत दी कि वह एसबीआई मुख्य शाखा के एटीएम से रुपये निकालने गई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। आरोपी ने दो अलग-अलग एटीएम से उनके खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए। खाते से रुपये निकाले जाने की जानकारी मिलने पर उसने पुलिस से शिकायत की। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दी विशेष राहत

# सेशनल में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी विशेष परीक्षा देकर पूरी कर सकेंगे डिग्री

**रोहतक।** एमडीयू ने सेशनल/आंतरिक मूल्यांकन में अंकों की कमी के कारण डिग्री पूरी नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। विश्वविद्यालय ने विशेष सेशनल/आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थी तथा निर्धारित अध्ययन अवधि पूरी कर चुके ऐसे अभ्यर्थी, जिनका परिणाम केवल सेशनल अंकों की कमी के कारण लंबित है, विशेष परीक्षा देकर संबंधित विषय में उत्तीर्ण हो सकेंगे।

### इनके लिए है परीक्षा

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के लिए राहत लेकर आएगा, जो केवल आंतरिक मूल्यांकन में अंकों की कमी के कारण अपनी डिग्री प्राप्त नहीं कर पा रहे थे। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को एक और अवसर मिलेगा, जबकि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता भी बरकरार रहेगी।

### 5 हजार रुपये तय की है फीस

परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि यह सुविधा केवल उन विषयों पर लागू होगी, जिनमें आंतरिक मूल्यांकन का प्रावधान है। यह परीक्षा अंक सुधार के लिए नहीं होगी। आवेदन मई-जून तथा दिसंबर-जनवरी सत्र में स्वीकार किए जाएंगे। पात्रता की जांच के बाद संबंधित कॉलेज, संस्थान या विभाग परीक्षा लेगा। यदि संबंधित संस्थान बंद हो चुका है तो विश्वविद्यालय का संबंधित शिक्षण विभाग परीक्षा संचालित करेगा। विशेष परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों का संशोधित परिणाम जारी होगा और उसी के आधार पर अंतिम डिग्री प्रदान की जाएगी। इस परीक्षा के लिए प्रति विषय 5000 रुपये शुल्क निर्धारित किया है।

**अनोखा विवाद** कहासुनी मारपीट में बदली, थाने पहुंचा मामला

# तीन महीने बाद पता चला महंगा है सूट 50 रुपये के लिए दुकानदार से हाथापाई

- डायल-112 की टीम ने दी सिटी थाने जाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलवे रोड स्थित एक कपड़ा दुकान पर तीन महीने पहले खरीदे गए सूट की कीमत को लेकर शुरू हुआ विवाद अब थाने तक पहुंच गया है। महिला दुकानदार का कहना है कि एक ग्राहक तीन महीने बाद दुकान पर पहुंची और सूट महंगा देने का आरोप लगाते हुए 50 रुपये वापस मांगने लगी। पैसे लौटाने से इनकार करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो हाथापाई में बदल गई। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शिकायत लेकर सिटी थाना जाने की सलाह दी।



### पुलिस ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं सिटी थाना प्रभारी रमेश कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि महिला और उसका बेटा थाने में पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे तथा किसी पुलिसकर्मी ने उनके साथ मारपीट नहीं की। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

महिला दुकानदार के अनुसार, ग्राहक ने करीब तीन महीने पहले दुकान से एक सूट खरीदा था। मंगलवार को वह दोबारा दुकान पर पहुंची और सूट महंगा देने का आरोप लगाते हुए 50 रुपये वापस मांगने लगी। दुकानदार द्वारा रकम लौटाने से इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और हाथापाई की नौबत आ गई। दुकानदार का दावा है कि पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है।

### पुलिस पर बेटे को पीटने व वीडियो डिलीट करने का आरोप

दुकान संचालिका संतोष का आरोप है कि अगले दिन जब वह अपने बेटे कुलजीत के साथ सीसीटीवी फुटेज लेकर शिकायत दर्ज कराने सिटी थाना पहुंचीं तो वहां पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे के साथ मारपीट की गई, उन्हें धक्का दिया गया, मोबाइल छीनकर रिकॉर्ड की गई वीडियो डिलीट कर दी गई। घटना के बाद मां-बेटे ने सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाकर अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की।

## जेएमआईसी डॉ. सुशीला की कोर्ट ने सुनाया फैसला

# हृदय नीलायम अस्पताल के संचालक को चेक बाउंस के मामले में 4 महीने की जेल

## सात लाख रुपये मुआवजा भी देना होगा, अपील के लिए 30 दिन की राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) डॉ. सुशीला की अदालत ने भोपाल सिंह बनाम मैसर्स हृदय निलयम कार्डियक मामले में चेक बाउंस के दोषी डॉ. विकास सरोहा को चार माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को शिकायतकर्ता को 7 लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। मुआवजे का भुगतान नहीं करने की स्थिति में उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अदालत ने 8 जुलाई को आरोपी को दोषी ठहराया था। अब सजा सुनाई गई है। सजा पर सुनवाई के दौरान दोषी डॉ. विकास सरोहा ने अदालत से नरमी बरतने की अपील की। उसने कहा कि वह पहले कभी किसी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है तथा सितंबर 2024 से मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसे खून पतला करने के लिए जीवनभर ब्लड थिनर दवाएं लेनी पड़ रही हैं। बचाव पक्ष ने उसे परिवीक्षा (प्रोबेशन) का लाभ देने की भी मांग की।



### कोर्ट ने कहा- सजा न देने से कमजोर होंगे विश्वास के संबंध

वहीं, शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता जे.एस. अहलावत ने अदालत से अधिकतम सजा देने और चेक की राशि का दोगुना मुआवजा दिलाने की मांग की। उनका तर्क था कि मित्रवत ऋण देने के बाद से ही शिकायतकर्ता को लगातार परेशान किया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वित्तीय लेन-देन में सजा न देना समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने के साथ-साथ लोगों के बीच विश्वास के संबंधों को कमजोर करता है। ऐसे आर्थिक अपराधों में नरमी बरतना कानून के उद्देश्य के विपरीत होगा। इसी आधार पर अदालत ने दोषी को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट (परक्राम्य लिखत अधिनियम), 1881 की धारा 138 के तहत चार माह के कारावास और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 395(3) के तहत शिकायतकर्ता को सात लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया।

### ... तो होगी एक माह की अतिरिक्त सजा

अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही यह भी कहा कि आर्थिक अपराध होने के कारण दोषी को प्रोबेशन का लाभ नहीं दिया जा सकता, क्योंकि इससे धारा 138 के प्रावधानों का उद्देश्य निष्प्रभावी हो जाएगा। अदालत ने दोषी पर अलग से कोई जुर्माना नहीं लगाया। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत के अहलमद (रिकॉर्ड कीपर) की रिपोर्ट में यह सामने आया कि दोषी के खिलाफ धारा 138 के तहत पहले का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। हालांकि सजा के बाद भी दोषी ने अदालत में मुआवजे की राशि जमा नहीं कराई। इसके बाद दोषी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सजा स्थगित करने का आवेदन दायर किया।

### पीजीआई में वरिष्ठ चिकित्सक है पत्नी

बचाव पक्ष द्वारा जमानती मुचलका उपलब्ध न होने की बात कहने पर न्यायालय ने केवल व्यक्तिगत मुचलका (पर्सनल बॉन्ड) स्वीकार कर लिया। अदालत ने आदेश दिया कि यदि किसी अन्य मामले में आवश्यकता न हो तो दोषी को तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि वह 10 अगस्त 2026 तक अपीलीय अदालत से नई जमानत प्राप्त करे, अन्यथा उसी दिन निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर सजा भुगतने के लिए उपस्थित हो। उल्लेखनीय है कि डॉ. विकास सरोहा की पत्नी डॉ. गीता अहलावत रोहतक पीजीआई में वरिष्ठ चिकित्सक हैं और इनके ससुर कर्नल सूबे सिंह अहलावत (सेवानिवृत्त) मॉडल स्कूल, रोहतक के प्रिंसिपल भी रह चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### मूलभूत सुविधाओं का समय पर हो समाधान : निम्बड़िया

**रोहतक।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला वाइस चेयरमैन अड़ीचंद निम्बड़िया ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि पेयजल, सीवर, बिजली और स्ट्रीट लाइट जैसी आवश्यक सुविधाओं की कमी से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। अड़ीचंद निम्बड़िया ने कहा कि छोटूराम कॉलोनी और अंबेडकर कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में लोगों को नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो महामारी जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने ने बिजली व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बिजली कट लग रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली के खंभों से घरों तक जाने वाली ढीली और लटकती तारें भी हादसों को न्योता दे रही हैं।

### पांच माह से कब्जे के लिए चक्कर काट रहा किसान

**महम।** मुरादपुर टेकना गांव का किसान धर्मवीर पुत्र धन सिंह अपने खेत की कब्जा कार्रवाई के लिए पिछले पांच महीने से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहा है। लेकिन उसको अपने खेत का कब्जा नहीं मिल रहा। किसान धर्मवीर ने बताया कि उसकी और उसके दो भाइयों की जमीन की खेवट अलग करवाई थी। 4 फरवरी को उनके अलग अलग खाते हो गए थे। कब्जा कार्रवाई के लिए पहली बार जब गिरदावर और पटवारी गए थे, तो एक भाई ने कब्जा नहीं होने दिया था। उसके बाद माहौल तनावपूर्ण होने के कारण पुलिस बल की जरूरत थी। अब वह कब्जा कार्रवाई की मांग को लेकर पिछले 5 महीने से सरकारी कार्यालयों में चक्कर काट रहा है। लेकिन उसको उसके खेत का कब्जा नहीं दिया जा रहा। 9 मार्च को कब्जे के लिए केस डाला गया था। अपने खेत के कब्जे की मांग को लेकर वे डीसी, एसडीएम और तहसीलदार से मिलकर शिकायत कर चुके हैं। खेवट अलग होने और केस जीत जाने के बाद भी उसको न्याय नहीं मिल रहा। फोर्स न मिलने का बहाना बनाकर उसके काम को लटकाया जा रहा है। किसान धर्मवीर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से न्याय की गुहार लगाई है।

## बीडीपीओ कार्यालयों ने तेज की कार्रवाई, प्रशासन बोला- कानून के अनुसार ही काम करेंगे

# तालाबों और पंचायत भूमि से हटेंगे अवैध कब्जे, जारी होने लगे नोटिस

### गांव चुलियाना दूहन ग्राम पंचायत को दूसरी बार पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांवों के तालाबों और पंचायत की शामलात भूमि से अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया एक बार फिर तेज हो गई है। रोहतक जिले में ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालयों ने ग्राम पंचायतों को इस संबंध में दोबारा पत्र जारी करने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय सांपला ने गांव चुलियाना दूहन ग्राम पंचायत को दूसरी बार पत्र जारी किया। इससे पहले 23 जून को भी इसी संबंध में पत्र भेजा गया था। प्रशासनिक स्तर पर इसे हरियाणा तालाब प्राधिकरण और विभिन्न न्यायिक निर्देशों के अनुपालन की कार्रवाई माना जा रहा है।



सूत्रों के अनुसार केवल चुलियाना दूहन ही नहीं, बल्कि अन्य पंचायतों को भी तालाबों और पंचायत भूमि पर हुए अवैध कब्जों का ब्यौरा उपलब्ध कराने तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन चाहता है कि पंचायतें स्वयं ऐसे मामलों की पहचान करें और कब्जे हटाने की प्रक्रिया में सहयोग दें।

### जरूरत है तालाबों का संरक्षण

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार गांवों के तालाब केवल जलभराव वाले स्थान नहीं हैं, बल्कि भूजल रिचार्ज, वर्षा जल संचयन, जैव विविधता संरक्षण और जल निकासी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। तालाबों पर अतिक्रमण बढ़ने से बरसात के दौरान जलभराव, जल निकासी की समस्या और भूजल स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी कारण राज्य सरकार और हरियाणा तालाब प्राधिकरण तालाबों को मूल स्वरूप में लाने पर विशेष बल दे रहे हैं।

### अवैध कब्जों की जानकारी मांगी

पंचायत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई किसी विशेष व्यक्ति को लक्ष्य बनाकर नहीं की जा रही, बल्कि उच्च स्तर से जारी निर्देशों और न्यायिक आदेशों के अनुपालन में की जा रही है। पंचायतों से केवल अवैध कब्जों की जानकारी मांगी गई है और आगे की कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की जाएगी। जहां आवश्यक होगा, वहां संबंधित पक्षों को नियमानुसार नोटिस दिए जाएंगे और उनका पक्ष भी सुना जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि उद्देश्य सार्वजनिक संपत्ति और जल स्रोतों का संरक्षण करना है, न कि किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करना।

### गांवों में खड़े हो सकते हैं सवाल

हालांकि कार्रवाई शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कई तरह की व्यावहारिक और सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। कई गांवों में वर्षों से तालाब या शामलात भूमि पर बने मकान, पशुबाड़े, दुकानें, चारदीवारी, टीन शेड और कृषि उपयोग से जुड़े निर्माण हैं। कुछ मामलों में लोगों का दावा है कि वे दशकों से इन स्थानों का उपयोग कर रहे हैं या उन्हें पूर्व में पंचायत की ओर से उपयोग की मौखिक अनुमति मिली थी। यदि ऐसे कब्जे हटते हैं तो प्रभावित परिवारों के सामने आवास, पशुपालन और आजीविका से जुड़ी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कई गांवों में पंचायत भूमि के सीमांकन को लेकर भी विवाद हैं। ऐसे मामलों में पहले राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति का मिलान आवश्यक होगा, ताकि किसी वैध कब्जाधारी या निजी भूमि स्वामी को अनावश्यक परेशानी न हो।

### पंवार और चौटाला के बयानों से तेज हुई बहस

तालाब भूमि पर वर्षों से बने मकानों को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। कई दिन से विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के बयान पर बहस होनी शुरू होगी। मंत्री ने बयान में कहा कि सरकार से ऐसे मामलों में व्यावहारिक समाधान निकालते हुए लोगों को मालिकाना हक देने पर विचार किया जाए। वहीं, इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक अभय सिंह चौटाला ने स्पष्ट कहा है कि तालाबों की जमीन पर वर्षों से बने मकानों को किसी भी सूरत में नहीं तोड़ने दिया जाएगा।

## 10.66 लाख से अधिक के तार और स्क्रैप चुराए

# बिजली निगम के स्टोर में डाका ट्रक भरकर सामान ले उड़े चोर

*प्रारंभिक जांच में स्टोर से तार, केबल, जीओ स्विच, एसीएसआर स्क्रैप और आयरन स्क्रैप गायब*

**महम सब डिवीजन कार्यालय के स्टोर रूम में वारदात, ताला तोड़ने के साथ पीछे की दीवार भी तोड़ी; पुलिस ने शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चोर अब सरकारी संस्थानों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। रोहतक के महम में बिजली निगम के सब डिवीजन कार्यालय स्थित स्टोर रूम में सेंध लगाकर अज्ञात चोर करीब 10.66 लाख रुपये कीमत का बिजली से संबंधित सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए न केवल स्टोर का ताला तोड़ा, बल्कि पीछे की दीवार में भी सेंध लगाई। घटना का खुलासा मंगलवार सुबह कर्मचारियों के कार्यालय पहुंचने पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बिजली निगम के एसडीओ, सब डिवीजन महम ने शिकायत दर्ज कराई कि 13 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे कार्यालय का स्टाफ ड्यूटी पर पहुंचा तो स्टोर रूम का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला। कर्मचारियों ने जब स्टोर की जांच की तो पीछे की दीवार भी टूटी हुई पाई गई। इसके बाद अंदर जाकर सामान का मिलान किया गया तो बड़ी मात्रा में बिजली निगम का सामान गायब मिला। प्रारंभिक जांच में स्टोर से तार, केबल, जीओ स्विच, एसीएसआर स्क्रैप और आयरन स्क्रैप चोरी होना पाया गया। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार चोरी हुए सामान की कुल कीमत 10 लाख 66 हजार 130 रुपये आंकी गई है।

**सरकारी विभागों में निरंतर चोरी बनी जांच का विषय**

**पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और मौके की फोटोग्राफी करवाई**



एआई फोटो

### पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का किया निरीक्षण

घटना की सूचना मिलते ही महम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाए और मौके की फोटोग्राफी करवाई। माना जा रहा है कि चोर पहले से स्टोर की गतिविधियों से परिचित थे और योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

### सरकारी संपत्ति पर लगातार बढ़ रहे हमले

सरकारी विभागों के स्टोर और परिसरों में चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। ऐसे मामलों से न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि विकास और रखरखाव से जुड़े कार्य भी प्रभावित होते हैं। इस घटना ने स्टोरों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सीसीटीवी और स्थानीय सुरागों पर पुलिस की नजर

पुलिस ने बिजली विभाग के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# एसआईआर का संशोधित कार्यक्रम जारी 3 अक्टूबर को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

- अब 24 जुलाई तक घर-घर सत्यापन होगा
- 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे व आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के तहत जिले में सभी गतिविधियां निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूरी कराई जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



**रोहतक।** फार्म भरवाते बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) फोटो : हरिभूमि

**नाम और अन्य विवरण का अवश्य सत्यापन करें**

सचिन गुप्ता ने पात्र नागरिकों से अपील की कि प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद अपने नाम और अन्य विवरण का अवश्य सत्यापन करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो या किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज न हो तो निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित बीएलओ, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी अथवा निर्वाचन कार्यालय में दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें।

उपायुक्त ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 24 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसी अवधि में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण और पुनर्व्यवस्थापन का कार्य भी पूरा किया जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उन्होंने बताया कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 सितंबर तक किया जाएगा।

# महम में नपा अधिकारियों ने कचरा उठाने वाले कर्मचारियों को बांटी पीपीई किट



**महम।** मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय महम में कचरा उठाने वाले कर्मचारियों को पीपीई किट बांटी गई। नगर पालिका उप प्रधान बसंत लाल गिरधर ने बताया कि कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उनको पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्वीपमेंट वितरित किए गए हैं। किट में कर्मचारियों को रिफ्लेक्टिव सेफ्टी जैकेट, फेस मास्क, दस्ताने, जूते व कैप आदि सामान दिया गया। कर्मचारियों को सामान के रख रखाव की भी जानकारी दी गई। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने कहा कि पालिका के उद्देश्यों में सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध करवाना और उनके लिए स्वच्छता सेवाओं को और प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना भी शामिल है। इस मौके पर नगर पालिका प्रधाना भारती पंवार, पार्षद ऋषि भारद्वाज और सामाजिक कार्यकर्ता जयनारायण मौजूद थे।



### कलानौर में पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक, समाधान नहीं होने पर धरने की चेतावनी

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ कलानौर शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक रोहतक जिला कमेटी की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान फूल सिंह ने की। इस अवसर पर जिला प्रधान विक्रम साहू, जिला सचिव विनय रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष ध्रुव कौशिक, ब्रांच अध्यक्ष अजय शर्मा और सचिव प्रदीप भाली मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को अधिकारियों के संज्ञान में लाना और उनका समय पर समाधान कराना था। यूनियन नेताओं ने सरकार पर कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि ब्लॉक वर्ष 2021-23 की एलटीसी न देना सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कार्यालय के खिलाफ उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जंतर-मंतर पर 17 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की अनदेखी करने पर सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में सोनू कलानौर, सुखबीर सहित कई कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

### सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में पोधरोपण अभियान का शुभारम्भ, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रोहतक।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष शादी लाल बत्रा द्वारा वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज को पूर्ण रूप से ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करने का संकल्प भी लिया गया। गवर्निंग बॉडी के सचिव महेंद्र कुमार खुराना, कोषाध्यक्ष गौरव जुनेजा, प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ तथा गवर्निंग बॉडी के अन्य सदस्यों ने भी पौधरोपण किया। पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज को हराभरा और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 250 पौधे लगाए जाएगें तथा भविष्य में भी बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। सभी ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।





### प्रधानमंत्री मोदी की जींद रैली ऐतिहासिक होगी, प्रदेश को मिलेंगी विकास की अनेक सौगातें : मंजू हुड्डा

**रोहतक।** जिला परिषद रोहतक की चेयरपर्सन, भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गढ़ी सांपला किलोई की पूर्व प्रत्याशी मंजू हुड्डा ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा हरियाणा के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जो भारत के रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मंजू हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास और नवाचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जींद की यह रैली केवल एक जनसभा नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास का महापर्व होगी, जिसमें प्रदेश को अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन की शर्त से अलग कर लागू किया जाए: डॉ. सांगवान

**रोहतक।** अधिनियम-2023 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर देशभर के कई महिला संगठन, नागरिक समाज समूह और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से मानसून सत्र में आवश्यक संशोधन करने की मांग उठाई है। संगठनों का कहना है कि महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन की शर्त से अलग कर बिना किसी देरी के लागू किया जाए। इस मौके पर केंद्रीय कमेटी सदस्य प्रो. मंजीत राठी, राज्य महासचिव उषा सरोहा, राज्य अध्यक्ष सविता, राज्य कमेटी सदस्य राजकुमारी दहिया, जिला सहसचिव मुनमुन हजारिका, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की समता संयोजक मनीषा, प्रसिद्ध इतिहासकार और रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. नीलिमा दहिया, इनेलो महिला विंग की राज्य महासचिव सुशीला देशवाल, जन संघर्ष मंच की राज्य उपाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी, बिरमति चहल, कुन्ती देवी, प्रवासी नेपाली संघ की उपाध्यक्ष अनीता एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अक्षय, विकलांग अधिकार मंच के राज्य अध्यक्ष ऋषिकेश राजली तथा जिला कोषाध्यक्ष जोगेंद्र दलाल आदि मौजूद रहे।



# रॉन्ग साइड हादसे के 3 दिन बाद फूटा गुस्सा, चालक की गिरफ्तारी की मांग

- शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर सांपला चौकी में पहुंचे मृतक के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

दिल्ली बाईपास पर रॉन्ग साइड से आई थार की टक्कर में सब्जी व्यापारी की मौत के तीन दिन बाद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया। मंगलवार को मृतक के परिजन, नगर पालिका पार्षदों और ग्रामीणों के साथ सांपला पुलिस चौकी पहुंचे तथा फरार थार चालक को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की अपील की। मृतक सुभाष के भाई अनिल और बबलू के अलावा वजीर, दिलबाग, राजा, अर्जुन लाल, संदीप तथा नगर पालिका पार्षद विकास, मोहन, जैकी और देव ओहल्यान ने चौकी प्रभारी महेंद्र से मुलाकात कर कहा कि हादसे को तीन दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार में रोष है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में शामिल थार वाहन के मालिक की पहचान बहादुरगढ़ निवासी मयंक छिकारा के रूप में हो चुकी है और उसे नोटिस जारी कर चौकी बुलाया गया है। वहीं हादसे के समय वाहन चला रहे चालक की पहचान आसंडा गांव निवासी यश के रूप में कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



**सांपला।** थार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सांपला पुलिस चौकी पहुंचे मृतक के परिजन, पार्षद और ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

## विभाग ने सड़क की सर्वे रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपी, 3 करोड़ होंगे खर्च

# 22 साल बाद बदलेगी भालौठ-किलोई सड़क की तस्वीर

**2004 में पहली बार हुआ था निर्माण, अब 28 जुलाई को लगेगा नया टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

करीब 22 वर्ष बाद भालौठ से किलोई को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क का पुनर्निर्माण होने जा रहा है। लंबे समय से जर्जर हालत में पहुंच चुकी इस सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। विभाग द्वारा सड़क की सर्वे रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी गई है, जबकि निर्माण कार्य के लिए 28 जुलाई को टेंडर लगाए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार भालौठ-किलोई मार्ग का पहली बार निर्माण वर्ष 2004 में किया गया था। इसके बाद वर्षों तक सड़क की केवल मरम्मत होती रही, लेकिन दोबारा पूर्ण निर्माण नहीं हुआ। लगातार बढ़ते यातायात के साथ सड़क की परतें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई स्थानों पर गड्ढे बन जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क का विस्तृत सर्वे कराया। सर्वे के आधार पर नई सड़क के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजा गया, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस परियोजना पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।



**रोहतक।** भालौठ से किलोई को जोड़ने वाली सड़क पर गड्ढे।

### गुणवत्ता मानकों का रखा जाएगा ध्यान

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। स्थानीय लोगों ने भी सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि वर्षों पुरानी उनकी समस्या अब जल्द समाप्त होगी। -अरूण कुमार, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

एक मैग्जीन के सर्वे में दावा, कुलपति डॉ. अग्रवाल बोले हम सेवा और शिक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित

# देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों में पीजीआईएमएस रोहतक 26वें और डेंटल में चौथे स्थान पर काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा की चिकित्सा शिक्षा के गौरव पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान ने एक बार फिर पूरे देश में परचम लहराया है। देश की एक प्रतिष्ठित मैगजीन द्वारा करवाए गए सर्वे में पीजीआईएमएस को पूरे देश मेडिकल कॉलेजों में से 26वां स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज को देश भर के डेंटल कॉलेजों में चौथा स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि संस्थान के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे परिवार की मेहनत का फल है। जब मैंने कार्यभार संभाला था तब हमने संकल्प लिया था कि संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप संस्थानों की श्रेणी में लाना है। आज वह सपना साकार होने की तरफ बढ़ रहा है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारे डॉक्टर, शिक्षक, नर्स, कर्मचारी और छात्र दिन-रात मरीजों की सेवा और शिक्षा के लिए समर्पित हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अब हमारा लक्ष्य है कि अगले सर्वे में पीजीआईएमएस देश के टॉप-20 मेडिकल कॉलेजों में शामिल हो। इसके लिए हम शोध, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह रैंकिंग मंजिल नहीं, बल्कि नई शुरुआत है। हम संकल्पित हैं कि पीजीआईएमएस रोहतक को देश के सर्वश्रेष्ठ 10 संस्थानों में लाकर हरियाणा का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखेंगे।


रोहतक। डेंटल कॉलेजों में चौथा स्थान प्राप्त करने पर संस्थान के अधिकारियों को बधाई देते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व निदेशक डॉ. एसके सिंघल व डेंटल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनु राठी।

### रिसर्च और नवाचार पर जोर

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत यहां का विशाल क्लिनिकल वर्कलोड है। रोजाना हजारों मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। इससे हमारे एमबीबीएस छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतरीन प्रैक्टिकल अनुभव मिलता है। उन्होंने बताया कि सर्वे में हमें शैक्षणिक गुणवत्ता, योग्य और अनुभवी फैकल्टी, मरीज देखभाल और व्यापक स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अच्छे अंक मिले हैं। डॉ. सिंघल ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि रिसर्च पेपर, पेटेंट और बाहरी फंड वाले प्रोजेक्ट्स की संख्या बढ़ाकर संस्थान को और ऊंचाइयों पर ले जाएं। उन्होंने का कि हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान, डिजिटल लर्निंग को मजबूत करना होगा और इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देना होगा।

### उत्कृष्ट शिक्षा व शोध से मिली पहचान

कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने बताया कि इंडिया टुडे-एमडीआरए सर्वे के लिए सभी विभागों से समय पर डेटा एकत्र कर पोर्टल पर अपलोड किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीजीआईएमएस ने देशभर में 26वां और पीजीआईडीएस ने डेंटल श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया। डीन डॉ. अशोक चौहान ने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया। डेंटल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनु राठी ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं और अनुभवी फैकल्टी के कारण संस्थान को यह उपलब्धि मिली। जनसंपर्क विभाग के प्रो. डॉ. मंजूनाथ बीसी ने बताया कि उच्च क्लिनिकल वर्कलोड, शोध, अनुभवी फैकल्टी, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत शैक्षणिक प्रतिष्ठा ने संस्थान को यह स्थान दिलाया।

## खबर संक्षेप

### जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आज

**रोहतक।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन रोहतक के तत्वावधान में जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन बुधवार को किया जाएगा, प्रतियोगिता में जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, योग संस्थानों, योग स्टूडियो एवं स्वतंत्र खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भैयापुर लाढ़ौत में कल सुबह 8:30 बजे होगा।

### छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**रोहतक।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर नव युवा फाउंडेशन द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुराना बस स्टैंड में छात्राओं के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार प्रातः 8:30 बजे होगा। कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य के करियर के प्रति जागरूक करना, विभिन्न कौशलों का विकास करना, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: भारतीय महिला खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

# फाइनल में 8 बेटियां, 5 हरियाणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





अंडर-19 और अंडर-23 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। बुधवार को दोपहर 1:00 बजे से होने वाले महिला वर्ग के फाइनल सत्र में भारत का दबदबा पूरी तरह साफ नजर आ रहा है। देश की आठ दिग्गज महिला मुक्केबाज रिंग में उतरकर इतिहास रचने के इरादे से मुक्के बरसाएंगी। इस महामुकाबले में मुक्केबाजों की सीधी टक्कर उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और इंडोनेशिया की दमदार खिलाड़ियों से होगी। इसमें चाहत, मेघा और अंशिका हरियाणा की बॉक्सर है। 48 किलोग्राम में भारत की गुंजन का मुकाबला इंडोनेशिया की एंजी इंतानिया चालिक से होगा। इसके बाद 51 किलोग्राम वर्ग में भारत की चंद्रिका भोरेषी पुजारी के सामने उज्बेकिस्तान की नाजोकत मारदोनोवा की चुनौती होगी। 54 किलोग्राम के फाइनल में भारत की जॉयश्री देवी चिरोम और उज्बेकिस्तान की सबरीना चाकोमानोवा के बीच खिताबी भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### 57 किलो में प्राची इंडोनेशिया की अर्तिका से भिड़ेंगी

57 किलोग्राम में भारत की प्राची का मुकाबला इंडोनेशिया की दीरा अर्तिका से होगा, 60 किलोग्राम वर्ग में भारत की चाहत स्वर्ण पदक के लिए उज्बेकिस्तान की सेवारा ममातोवा से दो-दो हाथ करेंगी। 75 किलोग्राम में भारत की अंशिका के सामने उज्बेकिस्तान की समीरा तुरगुनोवा होंगी। किलोग्राम में भारत की मेघा श्योकंद कजाकिस्तान की ऐदाना उबैदुल्लाकीजी से और 81+ किलोग्राम वर्ग में भारत की प्राची टोकस कजाकिस्तान की ही जरीना तोलीबे से लोहा लेंगी। भारतीय मुक्केबाजों के इस शानदार प्रदर्शन और कल होने वाले खिताबी मुकाबलों को लेकर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया है। कुल 8 भार वर्गों के फाइनल में भारतीय बेटियों का पहुंचना यह साबित करता है कि जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों पर की जा रही मेहनत अब रंग ला रही है। मेजर सत्यपाल सिंधु ने विशेष रूप से हरियाणा की मुक्केबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि हरियाणा हमेशा से देश में खेलों का पावरहाउस रहा है। इस बार भी रिंग में खिलाड़ियों ने जो आक्रामकता और तकनीकी कौशल दिखाया है, वो तारीफ के काबिल है। गुंजन, प्राची, चाहत, अंशिका, मेघा श्योकंद और प्राची टोकस जैसी मुक्केबाजों ने कड़े अभ्यास और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है।

## पटौदी ट्रॉफी: पंचकूला को 7 विकेट से पीटकर फाइनल में गुरुग्राम


सुमित


मोक्ष

**रोहतक।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पटौदी ट्रॉफी 2026-27 में 14 जुलाई को चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड-सी), लाहली में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में गुरुग्राम की टीम ने पंचकुला को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ ही गुरुग्राम की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंचकुला की टीम 49.5 ओवरों में 205 रनों पर सिमट गई। पंचकुला की ओर से सलामी बल्लेबाज रुद्र रावत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 138 गेंदों में 100 रनों की शतकीय पारी खेली। उनके अलावा रोहित सिंह ने 33 और आर्यन वर्मा ने 28 रनों का योगदान दिया। गुरुग्राम की गेंदबाजी बेहद कसी हुई रही, जिसमें यश सिंह ने 45 रन देकर 3 विकेट और सुमित कुमार ने 46 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं सौरभ यादव को 2 और आरव जेफ को 1 विकेट मिला। जीत के लिए 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरुग्राम की शुरुआत बेहद मजबूत रही। ऑलराउंडर सुमित कुमार ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में भी अपना जौहर दिखाया और 116 गेंदों में 102 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली। उनका बखूबी साथ निभाते हुए मोक्ष मुदगिल ने 84 गेंदों में धुआंधार 81 रन (नाबाद) बनाए। दोनों की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत गुरुग्राम ने महज 36.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 206 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पंचकुला की ओर से मनदीप भारद्वाज ने 2 और कर्तव्य जगदेव ने 1 विकेट हासिल किया, लेकिन वे अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके।

## न्यूज डायरी

### शिशु वाटिका में अमावस्या पर हवन



**रोहतक।** जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में मंगलवार को मासिक अमावस्या के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य नकारात्मकता का त्याग कर मन की शुद्धि और नई ऊर्जा का संचार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्या आशु साहनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद प्राचार्या, शिशु वाटिका के सभी आचार्य गण और कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां डालीं। यह हवन आचार्या दीदी श्रीमती मधु नारंग द्वारा संपन्न कराया गया, यज्ञ में 111 आहुतियां अर्पित की गईं। मंत्रोच्चार से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। अनुष्ठान के अंत में आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या आशु साहनी ने 'यज्ञो वै श्रेष्ठतम कर्म' का संदेश देते हुए बच्चों को जीवन में श्रेष्ठ कर्म अपनाने की प्रेरणा दी।

### अनुशासन ही सफलता का मार्ग: आचार्य शैलेंद्र



**रोहतक।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड, रोहतक में आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनुशासन विषय पर एक प्रेरणादायक चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। अनुशासित व्यक्ति समय का सम्मान करता है, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करता है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय के नियमों का पालन करने, समय की पाबंदी रखने, बड़ों का सम्मान करने तथा सदैव सकारात्मक आचरण अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता ,कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक ,डा. दिनेश मदान ने इस प्रेरणादायी चर्चा को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### भाविप के सौजन्य से बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद के सौजन्य से आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं पेपर बैग मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पदाधिकारी अशोक गुप्ता, गणपत राय गोयल एवं शाखा अध्यक्ष विक्रांत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक पी.एन. मुज्जु ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्त भारत और पर्यावरण संरक्षण जैसे ज्वलंत विषयों पर अपनी रचनात्मकता दिखाई। इसमें रिया सिंगला, अक्षी जैन, महिमा, अक्षिता एवं अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए प्लास्टिक मुक्त वातावरण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेपर बैग मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मुख्य अतिथियों और प्रधानाचार्या ने विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रप्रेम की भावना सुदृढ़ करती हैं।

## लंदन में मदीना के रणवीर लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर यंग अचीवर्स अवार्डस से सम्मानित

**रोहतक।** लंदन में पढ रहे मूलरूप से रोहतक जिला के मदीना गांव के छात्र रणवीर दांगी को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर यंग अचीवर्स अवार्डस से सम्मानित किया गया है। दरअसल इस सम्मान समारोह में उन स्कूली छात्रों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने पिछले सीजन में एमसीसी (मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब) के खिलाफ 100 या उसके अधिक रन और 5 विकेट हासिल किए थे। रणवीर दांगी उन 17 स्कूली छात्रों में शामिल थे, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की थी। यह सम्मान लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेले गए प्रथम महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान एमसीसी के अध्यक्ष एड स्मिथ ने प्रदान किया। रणवीर ने एमसीसी फाउंडेशन हब की ओर से खेलते हुए 114 रन बनाए थे। यह हब युवाओं के लिए क्रिकेट की दुनिया में करियर बनाने का एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है, जहां से कई खिलाड़ी काउंटी टीमों और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। देश भर के हब की टीम गर्मियों के दौरान नॉकआउट मैचों में प्रतिस्पर्धा करती हैं। एडवोकेट अमित काजल ने बताया कि रणवीर के पिता धीरेंद्र दांगी ने अपनी स्कूली शिक्षा जाट स्कूल रोहतक से हासिल की थी। फिलहाल लंबे समय वे परिवार सहित लंदन में रह रहे हैं। रणवीर के पिता धीरेंद्र दांगी ने जानकारी दी कि एमसीसी यानि मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब लंदन में स्थित एक विश्व प्रसिद्ध और सबसे प्रभावशाली क्रिकेट क्लब है।


रोहतक। रणवीर दांगी को सम्मानित करते हुए एमसीसी के अध्यक्ष एड स्मिथ।

## नीलम प्रीतम धर्मार्थ ट्रस्ट ने 100 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए



**रोहतक।** वार्ड नंबर 5 स्थित अंबेडकर पार्क में नीलम प्रीतम धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा नगर निगम पार्षद सुरेश किराड़ के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर लगभग 100 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक बृजेश गोयल ने बताया कि ट्रस्ट ने 1000 पौधारोपण अभियान का संकल्प लिया है, जिसके प्रथम चरण की शुरुआत आज सफलतापूर्वक की गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम पार्षद सुरेश किराड़ ने ट्रस्ट की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम दो पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

43 क्लस्टरों में लागू हुआ प्रोजेक्ट विश्वास

# सरकारी स्कूलों में शुरू हुआ 15 मिनट का रीडिंग चैलेंज

- उपायुक्त बोले, शिक्षा का लक्ष्य केवल परीक्षा नहीं, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार विद्यार्थी बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन ने दो नई पहल शुरू की हैं। जिले के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिदिन 15 मिनट का रीडिंग चैलेंज शुरू किया गया है, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए 43 क्लस्टरों में प्रोजेक्ट विश्वास लागू किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य बच्चों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

मंगलवार को कैंप कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थी तैयार करना है, जो पढ़ने-समझने, स्वतंत्र रूप से सोचने, प्रभावी संवाद करने और जिम्मेदार नागरिक बनने में सक्षम हों। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से मिशन मोड में कार्य करते हुए रोहतक को हरियाणा का अग्रणी शिक्षा जिला बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में जीरो पीरियड के बाद प्रतिदिन 15 मिनट का लाइब्रेरी रीडिंग पीरियड शुरू किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को अपठित गद्यांश पढ़ने, उसका अर्थ समझने और प्रश्नों के उत्तर देने का अभ्यास कराया जाएगा।



रोहतक। कैंप कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा की मासिक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### डिजिटल स्किल पासबुक तैयार करने की समीक्षा

समीक्षा बैठक में कौशल समीक्षा कार्यक्रम (सीआरपी) के तहत प्रत्येक विद्यार्थी की डिजिटल स्किल पासबुक तैयार करने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का आकलन कर उन्हें आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक सहयोग दिया जा रहा है। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों में ध्वनि जागरूकता, अक्षर पहचान, पढ़ने की क्षमता, संख्यात्मक ज्ञान तथा जोड़-घटाव जैसे बुनियादी कौशल में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➢ MRI/CT TECHNICIAN 4
➢ COMPUTER OPERATOR 2
➢ PRO 2
➢ NURSING STAFF 4
➢ WARD BOY 2
➢ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

MDN PUBLIC SCHOOL ROHTAK
CBSE Affiliation No.530216
सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता

| आवश्यक पद | संख्या |
|---|---|
| सफाई कर्मचारी | 02 |
| चपरासी (प्यून) | 01 |

आवेदन की अंतिम तिथि: 24 जुलाई 2026
इच्छुक उम्मीदवार अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ 24 जुलाई 2026 तक विद्यालय कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं।
93064 39884 | 92543 53404
Near New Bus Stand, Rohtak - 124001 www.mdnpublicschool.com admin@mdnps.in

पुलिस टीम ने लाइब्रेरी पहुंचकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

# जिंदगी को हां और नशे को ना करें युवा

नशा मुक्ति टीम ने शीला बाइपास लाइब्रेरी में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और सुरक्षित समाज के निर्माण के उद्देश्य से रोहतक पुलिस का जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को रोहतक पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शीला बाईपास स्थित लाइब्रेरी में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों से न केवल नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया, बल्कि उन्हें समाज में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाने का भी संदेश दिया गया। एसपी गौरव राजपुरोहित के निर्देशन में नशा मुक्त भारत–सुरक्षित भारत अभियान के तहत जिलेभर में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत उप निरीक्षक मोहन के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर अभियान के दौरान शीला बाईपास स्थित लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद किया।


रोहतक। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते उप निरीक्षक।

### नशा शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन

जागरूकता कार्यक्रम में टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को प्रभावित करता है। नशे की लत युवाओं के सपनों को खत्म कर देती है और उन्हें अपराध की ओर भी धकेल सकती है। विद्यार्थियों से पढ़ाई, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में समय देने तथा नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहने की अपील की गई। टीम ने विद्यार्थियों से कहा कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशा करता है, नशा बेचता है या किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## खबर संक्षेप

### वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

रोहतक। सुनारिया चौक के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पुरानी अनाज मंडी निवासी सूरज ने बताया कि उसका भाई सनी उर्फ नीतीश 2 जुलाई की रात स्कूटी से घर लौट रहा था। देवी विहार कॉलोनी के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल को पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### मानसून में पौधरोपण के साथ संरक्षण पर दें जोर

रोहतक। वन मंडल अधिकारी सुंदर लाल सांभरिया ने मानसून सीजन में जिले के सभी विभागों से व्यापक स्तर पर पौधरोपण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों और खाली सरकारी भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से पौधे लगाए जाएं और उनकी देखभाल सुनिश्चित की जाए। वन विभाग की नर्सरियों में गुणवत्तापूर्ण पौधे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के बाद पौधों की संख्या, स्थान और तिथि का विवरण जियो-टैग फोटो सहित मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता पौधों के जीवित रहने और वृक्ष बनने तक संरक्षण पर निर्भर है।

### बाजे भगत जयंती समारोह की तैयारियों पर मंथन

रोहतक। सूर्य कवि बाजे भगत स्मारक में सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 जुलाई को होने वाले सूर्य कवि बाजे भगत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। ट्रस्ट प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि समारोह में प्रसिद्ध कलाकार बाजे भगत की रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में राकेश कलोई, नरेंद्र खरकरामजी, सुरेंद्र गिगनाऊ, गुलाब सिंह और हरियाणवी बीन पार्टी प्रस्तुति देंगे।

# गांव रिटौली को मिली जिले की पहली साइकलिंग खेल नर्सरी, कोच सचिन तैयार कर रहे भविष्य के होनहार

### 25 खिलाड़ी ले रहे प्रशिक्षण, 10 बच्चे वेटिंग लिस्ट में

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

अलग खबर

जिले के गांव रिटौली के युवाओं के लिए खेल जगत से एक बेहतरीन और उत्साहजनक खबर सामने आई है। गांव में पहली बार साइकलिंग की खेल नर्सरी की शुरुआत की गई है, जिससे न केवल रिटौली बल्कि आसपास के गांव कबुलपूर के बच्चों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस नर्सरी में क्षेत्र के उभरते हुए खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए पसीना बहा रहे हैं। सभी बच्चे अभी स्कूली गेम्स की तैयारी कर रहे हैं। अभी जुलाई में ब्लॉक स्तर के स्कूली गेम्स शुरू होंगे।



### खिलाड़ियों का लक्ष्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना

### खेल अनुभव को नई पीढ़ी में बांटेंगे



**खेल नर्सरी के कोच सचिन** ने बताया कि उन्होंने साइकलिंग में राष्ट्रीय स्तर पर दो बार हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया है। अपने खेल अनुभव को नई पीढ़ी में बांटने के लिए उन्होंने साल 2022 में एनआईएस का कोर्स पूरा किया था। आखिरकार गांव रिटौली को यह बड़ी सौगात मिली है। लिहाल इस नर्सरी में 25 बच्चे नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। साइकलिंग के प्रति बच्चों का क्रेज इस कदर है कि 10 बच्चे अभी भी वेटिंग लिस्ट में हैं।

### रोजाना 4 से 5 घंटे अभ्यास

नर्सरी में ट्रेनिंग ले रहे बच्चों ने बताया कि वे रोजाना करीब चार से पांच घंटे तक साइकलिंग का कड़ा अभ्यास करते हैं। आधुनिक तकनीकों और कोच सचिन के मार्गदर्शन में वे साइकलिंग के बारीक गुर सीख रहे हैं। खिलाड़ियों का जोश देखते ही बनता है और उनका कहना है कि वे आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव, रोहतक जिले और पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### स्कूल के दिनों से शुरू हुआ



**राहुल** ने बताया कि मैंने खेल नर्सरी शुरू होने के बाद ही पेशेवर तरीके से साइकलिंग शुरू की है। पहले मैं आम बच्चों की तरह गांव में साइकिल चलाता था। जब स्कूल में कोच सचिन आए और बच्चे नाम लिखवा रहे थे, तो मेरा भी मन हुआ। आज मैं यहां आकर बेहद खुश हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

### परिवार के सहयोग से मिली राह



**दक्ष** ने बताया कि मैंने करीब तीन महीने पहले ही साइकलिंग की शुरुआत की है। मेरा परिवार चाहता था कि मैं किसी न किसी खेल से जुड़ूं। जब मैंने उन्हें बताया कि गांव के सरकारी स्कूल में साइकलिंग की नर्सरी खुली है, तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी और कहा कि बस अब जी लगाकर अभ्यास करो।

### पहले फुटबॉल अब साइकलिंग



**क्रिस** ने बताया कि खेल नर्सरी की शुरुआत मेरे लिए एक नया मोड़ लेकर आई। इससे पहले मैं साल 2018 से फुटबॉल खेल रहा था और स्कूल स्तर पर स्टेट तक खेल चुका हूं। लेकिन अब पूरी तरह से साइकलिंग पर फोकस कर लिया है।

### सपना मेडल जीतना



**साहिल** ने बताया कि मेरे परिवार वालों ने जब स्कूल में बच्चों को साइकलिंग का अभ्यास करते देखा, तो उन्होंने ही मुझे इसके लिए प्रेरित किया। अब मेरा एकमात्र लक्ष्य दिन-रात मेहनत करके अपने गांव के लिए मेडल जीतना है।

# रेलवे रोड: हर 5 मिनट में लगता है जाम

## अतिक्रमण : 60 फुट चौड़ी सड़क आने-जाने को महज 30 फुट ही बची

### फुटपाथ गायब, सड़क पर रेहड़ियां और अवैध पार्किंग का कब्जा, पैदल चलना भी बना चुनौती

**व्यापारी और राहगीर दोनों परेशान, रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को भी करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिटी पल्स

शहर की सबसे व्यस्त और प्रमुख व्यावसायिक सड़कों में शामिल रेलवे रोड आज अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझ रही है। करीब 60 फुट चौड़ी यह सड़क कागजों में भले ही पर्याप्त चौड़ी दिखाई देती हो, लेकिन हकीकत में सड़क का बड़ा हिस्सा रेहड़ी-फड़ी, दुकानों के बाहर फैले सामान और दोनों तरफ खड़े वाहनों की भेंट चढ़ चुका है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही के लिए महज 30 फुट सड़क ही बचती है। सुबह से देर रात तक यहां जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहन चालकों से लेकर पैदल राहगीरों तक सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रेलवे रोड पर रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा यह मार्ग रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार और शहर के कई प्रमुख हिस्सों को जोड़ता है। ऐसे में दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। लेकिन सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। कई बार मामूली ट्रैफिक दबाव भी बड़े जाम में बदल जाता है।



रोहतक। रेलवे रोड पर जाम व अतिक्रमण के बीच से गुजरती गाड़ियां।

### अतिक्रमण ने निगल ली आधी सड़क

लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर दुकानों के बाहर रखा सामान, रेहड़ियां और सड़क पर खड़े वाहन सड़क की उपयोगी चौड़ाई को लगातार कम कर रहे हैं। नतीजतन दो बड़े वाहन आमने-सामने आने पर यातायात रुक जाता है और कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग जाता है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई तो करता है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर स्थिति पहले जैसी हो जाती है।

### दिनभर वाहनों की कतारें

रेलवे रोड पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। खासकर दोपहर और शाम के समय जाम की समस्या सबसे ज्यादा रहती है। बाजार में आने वाले ग्राहकों, ई-रिक्शा, ऑटो, दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। कुछ सौ मीटर की दूरी तय करने में ही 10 से 15 मिनट लगा देते हैं।

### फुटपाथ भी कब्जाए

रेलवे रोड पर फुटपाथों पर सामान और रेहड़ियों का कब्जा है। इससे पैदल लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

### दुर्घटनाओं का खतरा

सड़क संकरी होने, अवैध पार्किंग और लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार वाहन एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में टकरा जाते हैं।

### व्यापार पर असर

ग्राहकों और व्यापारियों का कहना है कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक बाजार आने से बचने लगे हैं। सड़क पर वाहन खड़े करने से यातायात और बाधित होता है, जबकि पार्किंग न मिलने से कई ग्राहक बिना खरीदारी के लौट जाते हैं।

### दुकानदार स्वयं अतिक्रमण हटाएं



व्यापार की दृष्टि से पूरे शहर दुकानदारों को अपनी नैतिका के आधार पर अतिक्रमण हटाना चाहिए। कई ग्राहक जाम और पार्किंग की समस्या के कारण बाजार आने से बचते हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। प्रशासन समय-समय पर अभियान चलाता है। इससे व्यापार भी बढ़ेगा और लोगों को भी राहत मिलेगी।
-गुलशन इश्पुनियानी, प्रधान, शौरी मॉर्केट

### जाम देखकर लौट जाते ग्राहक



सुबह से रात तक रेलवे रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानों के सामने अवैध पार्किंग और सड़क पर लगी रेहड़ियों के कारण ग्राहकों को दुकान तक पहुंचने में भी परेशानी होती है। कई बार ग्राहक केवल जाम देखकर वापस लौट जाते हैं। पैदल चलने वालों को भी फुटपाथ न मिलने के कारण सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। -तुषार सहगल, दुकानदार

### अभियान चलाया जाएगा



रेलवे रोड शहर का सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र है, इसलिए यहां यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ती है। ट्रैफिक पुलिस नियमित रूप से अभियान चलाकर सड़क पर खड़े वाहनों के चालान करती है। नागरिकों और व्यापारियों से भी अपील है कि वे सड़क पर वाहन खड़े न करें। -गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक




### घर पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

■ वारदात में प्रयुक्त हथियार और वजह जानने में जुटी पुलिस

रोहतक। लाखनमाजरा गांव में युवक के घर पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों राहुल निवासी लाखनमाजरा और अमन निवासी सुंदरपुर को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता नरेंद्र के अनुसार, 12 जुलाई की रात दोनों आरोपी उसके घर पहुंचे, गाली-गलौज की और फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस अब रिमांड के दौरान वारदात में प्रयुक्त हथियार, घटना के कारण और अन्य संभावित सहयोगियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## देर रात बूंदाबांदी से उमस भरी गर्मी से राहत



रोहतक। शहर में मंगलवार देर रात हुई हल्की बूंदाबांदी ने उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी हद तक राहत दिलाई। झज्जर रोड, दिल्ली बाइपास, विभिन्न सेक्टरों और शहर के कई अन्य हिस्सों में कुछ देर तक हल्की बारिश हुई। बारिश के साथ चली ठंडी हवा से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। दिनभर तेज धूप और उमस के कारण लोग परेशान रहे। रात में अचानक मौसम का मिजाज बदला और बूंदाबांदी शुरू हो गई। कई लोग देर रात मौसम का आनंद लेने के लिए घरों से बाहर भी निकले। हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं हुई, लेकिन हल्की फुहारों ने वातावरण को ठंडा कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

# व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट टिकट पर यात्रा अब नहीं चलेगी

## टीटीई केवल रेलवन एप या अधिकृत टिकट ही करेगा स्वीकार

■ पिछले एक महीने में 230 से अधिक मामले पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अगर आप रेलवे का अनरिजर्वड टिकट किसी परिचित या एजेंट से व्हाट्सएप पर मंगवाकर यात्रा करते हैं, तो अब सावधान हो जाइए। भारतीय रेलवे ने टिकट जांच प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। अब ट्रेन में टिकट जांच के दौरान टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) केवल रेलवन एप अथवा रेलवे के अधिकृत टिकटिंग सिस्टम में उपलब्ध टिकट को ही मान्य मान रहा है। व्हाट्सएप पर भेजे गए स्क्रीनशॉट या फॉरवर्ड किए गए टिकट के आधार पर यात्रा करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कई यात्री एजेंटों या परिचितों से व्हाट्सएप पर टिकट का स्क्रीनशॉट प्राप्त कर यात्रा कर रहे थे। जांच के दौरान कई मामलों में टिकट किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पाया गया या फिर टिकट रद्द हो चुका था, जबकि यात्री उसी स्क्रीनशॉट के आधार पर सफर कर रहे थे। इसे देखते हुए रेलवे ने जांच प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और अधिक सुरक्षित बना दिया है। जानकारी के अनुसार पिछले एक महीने में 230 से अधिक ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें यात्रियों ने व्हाट्सएप पर प्राप्त टिकट या उसके स्क्रीनशॉट के आधार पर यात्रा करने की कोशिश की। रोज 10 मामले इस तरह के पकड़े जा रहे हैं। ऐसे यात्रियों से रेलवे नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला गया, जबकि कई मामलों में उन्हें बिना वैध टिकट यात्रा करने की श्रेणी में माना गया।

### टीटीई एप से सीधे टिकट का करता है सत्यापन

रेलवे अधिकारियों के अनुसार टीटीई अब रेलवन एप से सीधे टिकट का सत्यापन करता है। टिकट सिस्टम में वैध नहीं मिलने या पहचान मेल नहीं खाने पर कार्रवाई होगी। यात्रियों को केवल अधिकृत माध्यम से टिकट बुक कराने और वैध पहचान पत्र साथ रखने की सलाह दी गई है। व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। इसका सीधा असर पड़ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**मिशन एडमिशन** | डीन प्रो. एएस मान ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# एमडीयू में लाइफ साइंस समूह की 404 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

### 15 से 17 जुलाई तक पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज पीजी पाठ्यक्रमों- एमएससी (केमिस्ट्री), एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन), एमएससी (मैथमेटिक्स), एमएससी (फिजिक्स) तथा लाइफ साइंस समूह की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान ने विश्वविद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। प्रो. मान ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। एमएससी (केमिस्ट्री) की प्रवेश परीक्षा में 120 अभ्यर्थी शामिल हुए, एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) की प्रवेश परीक्षा में 96 अभ्यर्थी शामिल हुए। एमएससी (फिजिक्स) की प्रवेश परीक्षा में 102 अभ्यर्थी शामिल हुए। लाइफ साइंस समूह की प्रवेश परीक्षा में 404 अभ्यर्थी शामिल हुए।



रोहतक। परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

15 जुलाई को एमए (पॉलिटिकल साइंस), एलएलबी (ऑनर्स) तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, एमए (हिस्ट्री) और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा होगी। 16 जुलाई को एमए (भूगोल), बीपीएड, एमपीएड, एमए (संस्कृत), एमए (डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज), एमए (इकोनॉमिक्स), एम. लिब, एमए (एजुकेशन), एमए (फाइन आर्ट्स), संगीत विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रम, एमए (योग विज्ञान), एमएड, एमएससी. (स्टैटिस्टिक्स) तथा एमए (हिंदू स्टडीज) की परीक्षाएं होंगी। 17 जुलाई को एमए (हिंदी), एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी (डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) तथा फार्मास्युटिकल साइंसेज समूह के एम. फार्मा पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### 180 सीटों के लिए केवल 95 छात्रों ने दी परीक्षा, सीटें रहेगी खाली

एमएससी (मैथमेटिक्स) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 95 अभ्यर्थी शामिल हुए। एमएससी गणित में इस वर्ष कुल 180 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें से 120 सीटें सेल्फ फाइनेंस स्कीम (एसएफएस) के अंतर्गत आती हैं। सीटों की संख्या 180 होने और परीक्षा में मात्र 95 विद्यार्थियों ने ही परीक्षा दी।

### सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में 108 सीटें खाली, यूजी प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पूरी

सांपला। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में प्रवेश के लिए चलाई गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद सामने आए आंकड़ों के अनुसार सांपला स्थित सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में इस शैक्षणिक सत्र के लिए निर्धारित 540 सीटों में से 108 सीटें खाली रह गई हैं। वहीं दूसरी ओर राजकीय महाविद्यालय में सभी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है और वहां निर्धारित सभी सीटें भर चुकी हैं। इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित की गई। विद्यार्थियों ने साइबर कैफे, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और मोबाइल फोन के जरिए आवेदन किए। कई छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ कॉलेज पहुंचीं और आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों तथा प्रवेश संबंधी अन्य औपचारिकताओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज प्रशासन ने हेल्प डेस्क की व्यवस्था की, जहां उन्हें आवेदन भरने, दस्तावेज अपलोड करने और अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान की गई।




### मोखरा और महम के सरकारी कॉलेज में शुरू होंगी एमए इतिहास की कक्षाएं

**एमडीयू की निरीक्षण टीम ने सुविधाओं का लिया जायजा, पर्याप्त स्टाफ, पुस्तकालय और आधारभूत सुविधाएं मिलीं**

महम। साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा और महम के राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र से एमए इतिहास की कक्षाएं शुरू होंगी। मंगलवार को मोखरा के राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमए इतिहास पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक की जांच कमेटी द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कमेटी संयोजक डॉ. प्रद्युमन सिंह, प्रोफेसर, इतिहास विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक तथा सदस्य डॉ. सुभाष बल्हारा, प्रोफेसर इतिहास विभाग, डॉ. नरेश चन्द्र एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक ने महाविद्यालय की उपलब्ध शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण कमेटी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि महाविद्यालय में इतिहास विषय के लिए पर्याप्त शिक्षण स्टाफ उपलब्ध है। पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकें एवं ऑनलाइन जर्नल्स की सुविधा उपलब्ध है तथा भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं भी संतोषजनक हैं। टीम ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास विषय की शुरुआत से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा मिलेगी। कमेटी ने उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमए इतिहास पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने की अनुशंसा की।